## रेफ़रल नए Remitly यूज़र होने चाहिए और रिवॉर्ड लागू करने के लिए पैसे भेजने से संबंधित अतिरिक्त शर्तें पूरी करनी पड़ सकती हैं.प्रोग्राम के विवरण के लिए [यहाँ क्लिक करें ](https://www.remitly.com/home/referral-program-tnc).

### नियम और शर्तें:

रेफ़रल प्रोग्राम नीचे दिए नियम और शर्तें, सेक्शन 10 में यथा परिभाषित Remity इकाई ("Remitly," “हम,” या “हमें”), और आप ("आप" या "आपका/की/के"), यानी Remitly रेफ़रल प्रोग्राम ("रेफ़रल प्रोग्राम") के सहभागी के बीच का ("अनुबंध") हैं. रेफ़रल प्रोग्राम में भागीदारी, इस अनुबंध, Remitly के उपयोगकर्ता अनुबंध, गोपनीयता नीति और आपके साथ किए गए हमारे किसी भी अन्य अनुबंध की शर्तों के अधीन है. इस अनुबंध में मौजूद नियमों और शर्तों से पूर्ण रूप से सहमति नहीं जताने पर आपको रेफ़रल प्रोग्राम में भाग लेने के लिए अधिकृत नहीं किया जाएगा.

## 1. रेफ़रल प्रोग्राम में भागीदारी

आप रेफ़रल प्रोग्राम में भाग ले सकते हैं और रिवॉर्ड कमा सकते हैं, बशर्ते आप इस अनुबंध की शर्तों और इस दस्तावेज़ में वर्णित आवश्यकताओं का अनुपालन करें. रेफ़रल प्रोग्राम में भाग लेने के लिए ज़रूरी नहीं है कि Remitly में आपका पंजीकृत खाता हो. नो यॉर कस्टमर (अपने ग्राहक को जानें) से जुड़ी हमारी आवश्यकताओं के तहत, आपकी या आपके रेफ़रल की पहचान सिद्ध करने के लिए आपसे या आपके रेफ़रल से अतिरिक्त जानकारी माँगी जा सकती है. आप समझते हैं कि ऐसी जानकारी देना, रेफ़रल प्रोग्राम में भाग लेने और किसी भी उपलब्ध रिवॉर्ड को पाने के लिए ज़रूरी है.

## 2. मान्य रेफ़रल के लिए आवश्यकताएँ

आपको Remitly पर अपने अगले ट्रांसफ़र में इस्तेमाल के लिए कोई प्रमोशनल ऑफ़र मिलेगा, जैसे छूट, बोनस, फ़ीस-मुक्त ट्रांसफ़र, थर्ड पार्टी गिफ़्ट कार्ड, आदि. हर उस व्यक्ति के लिए ("रिवॉर्ड"), जिसको आप Remitly रेफ़र करते हैं और जो नीचे दी गई सभी शर्तें पूरा करता है ("रेफ़रल"):: क. आपका रेफ़रल, आपके रेफ़रल के तरीके (जैसे, आपके यूनीक लिंक पर क्लिक करके) से सीधे Remitly की सेवा को एक्सेस करता है और उस लिंक के ज़रिए Remitly में सफलतापूर्वक साइन अप करता है; ख. आपका रेफ़रल, Remity से अपना पहला ट्रांसफ़र, हमारे उपयोगकर्ता अनुबंध और हमारी सेवाओं के ज़रिए निर्धारित पैसे भेजने से संबंधित किसी भी अतिरिक्त आवश्यकताओं का पालन करते हुए, आपको छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति को भेजता है; ग. आपके रेफ़रल का ट्रांसफ़र कैंसिल नहीं किया जाता (या तो रेफ़रल द्वारा या Remitly द्वारा);  घ. रिवॉर्ड पर दावा करने की अपनी क्षमता पर आप प्रोग्राम की ऐसी किसी भी अतिरिक्त आवश्यकताओं, प्रतिबंधों, या सीमाओं के अधीन नहीं हैं, जिन्हें हम समय-समय पर जोड़ सकते हैं और जिनके बारे में हम आपको इस अनुबंध के ज़रिए या हमारी सेवा के ज़रिए सूचित करेंगे.

## 3. रिवॉर्ड

Remitly अपने विवेकानुसार, समय-समय पर रिवॉर्ड बदल सकती है; हालाँकि, जो रेफ़रल रिवॉर्ड बदल्ने से पहले पूरे किए जा चुके हैं, उन्हें पुराने रिवॉर्ड दिए जाएँगे. इस रेफ़रल प्रोग्राम को धोखाधड़ी या दुरुपयोग से बचाने के लिए, हम किसी रिवॉर्ड पर दावा करने की आपकी योग्यता पर कुछ अतिरिक्त आवश्यकताएं, सीमाएं या प्रतिबंध भी लागू कर सकते हैं, जिनके बारे में आपको इस अनुबंध या हमारी सेवाओं के ज़रिए सूचित किया जाएगा. रिवॉर्ड, प्रचार के उद्देश्य से जारी किए जाते हैं; उनका कोई भी नकद मूल्य नहीं होता है और उन्हें नकद या अन्य मौद्रिक मूल्य के बदले ट्रांसफ़र या एक्सचेंज नहीं किया जा सकता है.

## 4. निषिद्ध उपयोग

आप इस अनुबंध के अनुसार रेफ़रल प्रोग्राम में भाग लेने के लिए सहमत हैं. आप इनमें से कोई भी काम नहीं कर सकते/सकती हैं, इनमें से हर काम "निषिद्ध उपयोग" है क) मौजूदा Remitly ग्राहक को रेफ़र नहीं कर सकते/सकती हैं. इसमें अलग पहचान आईडी, लॉगिन, पंजीकरण या इसी तरह के दूसरे तरीकों के ज़रिए रेफ़र करना शामिल है; ख) 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को रेफ़र नहीं कर सकते/सकती हैं; ग) खुद के लिए एक से अधिक बार पहचान आईडी, लॉगिन नहीं बना सकते/सकती हैं या पंजीकरण नहीं कर सकते/सकती हैं; घ) काल्पनिक, डुप्लिकेट, धोखेबाज़ या अन्यथा अस्तित्वहीन लोगों को रेफ़र नहीं कर सकते/सकती हैं; च) बड़ी संख्या में रेफ़र करने वाले किसी तरीके का इस्तेमाल करके, अजनबियों को रेफ़र करके या ऐसे किसी भी अन्य तरीके का इस्तेमाल करके लोगों को रेफ़र नहीं कर सकते/सकती हैं जिसे लागू कानून या विनियम के तहत, अनचाहा ईमेल, इलेक्ट्रॉनिक संचार, या स्पैम माना जा सकता हो या जो देखने में ऐसा लगे; छ) रेफ़रल प्रोग्राम को कारोबारी उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकते/सकती हैं; ज) किसी ऐसे तरीके से रेफ़रल प्रोग्राम में भाग नहीं ले सकते/सकती हैं जो Remitly की ब्रांड, साख या प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाए या उसकी बदनामी करे; झ) किसी ऐसे रेफ़रल प्रोग्राम में भाग नहीं ले सकते/सकती हैं जो किसी लागू कानून, संविधि या विनियम के तहत निषिद्ध हो; या प) रेफ़रल प्रोग्राम को किसी संदिग्ध या आपत्तिजनक तरीके से या इस अनुबंध, उपयोगकर्ता अनुबंध के उल्लंघन में (किसी महत्वपूर्ण तरीके से) या आपके साथ हमारे किसी भी अन्य अनुबंध के उल्लंघन में या किसी कानून, संविधि या सरकारी विनियम के उल्लंघन में इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं. अगर आप किसी ऐसी गतिविधि में संलग्न होते/होती हैं जिसके बारे में हम मानते हैं कि हमारे विवेकाधिकार में, निषिद्ध उपयोग है या अन्यथा इस अनुबंध का उल्लंघन करता है, तो आप पात्र नहीं होंगे और Remitly के ज़रिए आपके रेफ़रल द्वारा बाद में मनी ट्रांसफ़र करने पर, आप रिवॉर्ड पाने की अर्हता हासिल नहीं करेंगे. Remitly के पास ऐसे किसी भी रेफ़रल को या रिवॉर्ड की डिलीवरी को खत्म करने का अधिकार सुरक्षित है जो: (i) धोखाधड़ीपूर्ण प्रतीत होता है; (ii) किसी धोखाधड़ीपूर्ण लेन-देन के फलस्वरूप बना प्रतीत होता है; या (iii) अन्यथा इस समझौते का उल्लंघन करता है, जिसमें किसी भी निषिद्ध उपयोग में से किसी एक में संलग्न होना शामिल है।

## 5. डेटा सुरक्षा

आप अभिवेदन करते/करती हैं और आश्वासन देते/देती हैं कि आपने उन व्यक्तियों से स्पष्ट सहमति प्राप्त कर ली है जिनका डेटा हमें दिया गया है. आप इस बात पर भी सहमत हैं कि हम आपको और आपके द्वारा रेफ़र किए गए किसी भी व्यक्ति को हमारी गोपनीयता नीति की अनुरूपता में रेफ़रल प्रोग्राम से संबंधित संचार भेज सकते/सकती हैं और यह कि हम आपके रेफ़रल के सामने आपका विवरण और यह बात प्रकट कर सकते हैं कि रेफ़रल आपने किया था.

रेफ़रल प्रोग्राम में एकत्र की गई सारी जानकारी हमारी गोपनीयता नीति के अधीन होगी.

## 6. दायित्व की सीमा

हमारे द्वारा होने वाली संभावित हानि और क्षति के लिए हम आपके प्रति ज़िम्मेदार हैं. अगर हम इस अनुबंध की शर्तों का अनुपालन करने में विफल रहते हैं, तो हम आपको हुई ऐसी हानि या क्षति के लिए ज़िम्मेदार हैं जो हमारे द्वारा इन शर्तों को तोड़े जाने या यथोचित सावधानी बरतने और कौशल इस्तेमाल करने में हमारी विफलता के पूर्वाभास का परिणाम है, पर हम ऐसी किसी भी हानि या क्षति के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं जिसका पूर्वाभास नहीं किया जा सकता है. किसी हानि या क्षति का पूर्वाभास तब किया जाता है अगर उसका होना तय हो या अगर, हमारे बीच अनुबंध किए जाने के समय, हमें और आपको, दोनों को पता था कि वह घटित हो सकती है. हम आपको हुई ऐसी किसी भी हानि या क्षति के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं जो आपके द्वारा इस अनुबंध की शर्तों को तोड़ने के परिणामस्वरूप घटित हुई है. हमारे द्वारा भविष्य में घटित हो सकने वाली हानि या क्षति, एक (1) रिवॉर्ड के उस समय के मौद्रिक मूल्य के बराबर है. आप यह मानते/मानती हैं और यह अभिस्वीकृति देते/देती हैं कि हानि या क्षति का यह सीमाबंधन पर्याप्त और उचित है. REMITLY, रेफ़रल प्रोग्राम के ज़रिए प्राप्ति-योग्य किसी भी परिणाम के बारे में या रिवॉर्ड की डिलीवरी के समय के बारे में कोई भी अभिवेदन नहीं करती है या कोई भी आश्वासन नहीं देती है. आपके प्रति उत्तरदायी होने की हमारी सीमाओं के अपवाद. इस अनुबंध के तहत आपके प्रति हमारी देयता की सीमाएँ तब लागू नहीं होती हैं, अगर आपको हानि निम्नलिखित के फलस्वरूप हुई हो: A. हमारे कार्यों या चूक (हमारी लापरवाही सहित) के कारण मृत्यु या व्यक्तिगत चोट; B. हमारे द्वारा धोखाधड़ी या धोखाधड़ीपूर्ण गलतबयानी; C. व्यावसायिक/कमर्शियल इस्तेमाल (रेफ़रल प्रोग्राम का गैर-घरेलू या निजी इस्तेमाल) और कुछ अन्य हानियाँ; D. हमारे वे कार्य जो हम लागू कानूनों के अनुपालन के लिए या हमारे नियंत्रण से बाहर की घटनाओं (बिना किसी सीमाबंधन के, लॉकआउट, दंगे, प्राकृतिक आपदाएँ, बिजली कटौती, इंटरनेट में रुकावटें, किसी सेवा की आपूर्ति रुकना या मेंटेनेंस सहित) के लिए करते हैं. कृपया ध्यान दें कि कुछ क्षेत्राधिकारों के निवासियों के पास यहाँ वर्णित कुछ अधिकार हो सकते हैं: ऑस्ट्रेलिया: इस अनुबंध में कुछ भी प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता अधिनियम के तहत प्रदान की गई वैधानिक उपभोक्ता गारंटियों के साथ-साथ ASIC अधिनियम या ऑस्ट्रेलिया के राज्यों और क्षेत्रों में समान उपभोक्ता संरक्षण कानूनों ("गैर-बहिष्कृत गारंटी") के तहत किसी भी अन्य निहित वारंटी को सीमित, बहिष्कृत या संशोधित अथवा सीमित करने का इरादा नहीं रखता है.

## 7. रिवॉर्ड की डिलीवरी

बशर्ते कि आप इस अनुबंध की शर्तों का अनुपालन करते/करती हों, Remitly आपके Remitly खाते पर अपने-आप रिवॉर्ड लागू कर देगा. अगर आप अपने मूल देश या क्षेत्राधिकार में लागू नियम के कारण, दिए गए भुगतान के तरीके से रिवॉर्ड प्राप्त करने के योग्य नहीं हैं, तो रिवॉर्ड का भुगतान Remitly द्वारा अपने विवेक पर (तर्कसंगत ढंग से) चयनित तरीके से किया जाएगा. Remitly आपके द्वार कमाए गए किसी भी रिवॉर्ड की डिलीवरी के समय की गारंटी नहीं देती है.

## 8. इस अनुबंध या रेफ़रल प्रोग्राम में बदलाव

हमारे पास पूर्व सूचना दिए बिना किसी भी समय रेफ़रल प्रोग्राम या इस अनुबंध को सीमित, संशोधित या समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित है. ऐसे किसी भी संशोधन और उसकी अधिसूचना के बाद रेफ़रल प्रोग्राम में आपकी सहभागिता जारी रहने को उस संशोधन पर आपकी सहमति माना जाएगा.

## 9. अन्य शर्तें

रेफ़रल प्रोग्राम की पात्रता, रिवॉर्ड की कमाई या आपके द्वारा इस अनुबंध के नियमों और शर्तों के अनुपालन से संबंधित सभी प्रश्नों या विवादों का समाधान हमारी तर्कसंगत व्याख्या के अधीन होगा. अगर दोनों में से कोई भी पक्ष इस अनुबंध का उल्लंघन करता है या उल्लंघन करने की कोशिश करता है या रेफ़रल प्रोग्राम की आवश्यकताओं का अन्यथा दुरुपयोग करता है, तो हमारे पास Remitly के एकमात्र परंतु तर्कसंगत विवेक के अधीन, खाते (एक या अधिक) को बंद करने या आपके और आपके रेफ़रल के रिवॉर्ड शून्य करने का अधिकार स्पष्ट रूप से सुरक्षित है. Remitly के कर्मचारी रिवॉर्ड पर न तो दावा कर सकते हैं और न इस्तेमाल कर सकते हैं.

## 10. शासी भाषा और कानून तथा लागू REMITLY इकाई

अगर इस अनुबंध के अंग्रेज़ी संस्करण और अनुवादित पाठ में कोई विसंगति होती है, तो अंग्रेज़ी पाठ बाध्यकारी होगा. Remitly रेफ़रल प्रोग्राम लागू Remitly इकाई द्वारा प्रदत्त व संचालित है और इस अनुबंध की शर्तों का नियंत्रण करने वाले कानून आपके निवास के देश पर आधारित हैं.

**आपके निवास का देश:** ऑस्ट्रेलिया

**लागू** Remitly **एफ़िलिएट:** Remitly Australia Pty Ltd 1 Farrer Place, Sydney NSW 2000

**लाइसेंस की जानकारी:**

**शासी कानून:**

**आपके निवास का देश:** यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र में स्थित देश

**लागू** Remitly **एफ़िलिएट:** Remitly Europe Limited 1st Floor, Penrose One, Penrose Dock, Cork, T23 KW81, Ireland

**लाइसेंस की जानकारी:** सेंट्रल बैंक ऑफ़ आयरलैंड द्वारा विनियमित. कंपनी नंबर: 629909

**शासी कानून:** आयरलैंड

**आपके निवास का देश:** न्यूज़ीलैंड

**लागू** Remitly **एफ़िलिएट:** Remitly (New Zealand) Limited, Level 30, Vero Centre, 48 Shortland

Street, Auckland Central, 1052 New Zealand.

**लाइसेंस की जानकारी:** फ़ाइनेंशियल सर्विस प्रोवाइडर्स रजिस्टर में पंजीकृत (FSP नंबर 1003229)

**शासी कानून:** न्यूज़ीलैंड

**आपके निवास का देश:** सिंगापुर

**लागू** Remitly **एफ़िलिएट:** Remitly Singapore Pte. Ltd 38 Beach Road, #29-11 South Beach Tower, Singapore 189767

**लाइसेंस की जानकारी:** क्रॉस-बॉर्डर मनी ट्रांसफ़र सेवाएँ देने के लिए मॉनेटरी अथॉरिटी ऑफ़ सिंगापुर से लाइसेंस प्राप्त (UEN 201920838N)

**शासी कानून:** सिंगापुर

**आपके निवास का देश:** यूनाइटेड किंगडम

**लागू** Remitly **एफ़िलिएट:** Remitly U.K., Ltd. 90 Whitfield Street, W1T 4EZ London, England, United Kingdom Company number: 09896841

**लाइसेंस की जानकारी:** पेमेंट सर्विसेज़ रेगुलेशंस 2017 के तहत फ़ाइनेंशियल कंडक्ट अथॉरिटी द्वारा विनियमित (रेफ़रेंस नंबर: 728639).

**शासी कानून:** इंग्लैंड और वेल्स

**आपके निवास का देश:** संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा

**लागू** Remitly **एफ़िलिएट:** Remitly, Inc. 1111 3rd Ave Suite 2100 Seattle, WA 98101

**लाइसेंस की जानकारी:** न्यूयॉर्क स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ़ फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़ द्वारा द्वारा और PR (TM-143) में, MA में फ़ॉरेन ट्रांसमिटल एजेंसी और RI में करेंसी ट्रांसमिटर द्वारा मनी ट्रांसमिटर के रूप में लाइसेंस प्राप्त है. NMLS No. 1028236.

**शासी कानून:** वॉशिंगटन राज्य

**आपके निवास का देश:** संयुक्त अरब अमीरात

**लागू** Remitly **एफ़िलिएट:** Remitly (DIFC) Limited Level 15 Unit GD-GB-00-15-BC-23, Gate District, Gate Building Dubai International Financial Centre, Dubai, United Arab Emirates

**लाइसेंस की जानकारी:** Remitly (DFIC) लिमिटेड को DFSA द्वारा विनियमित किया जाता है

**शासी कानून:** अंग्रेज़ी कानून